रजिस्ट्री सं० डीण्एल०-33004/97

REGD. NO. D.L.-33004/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खंड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 155] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 11, 1997/चैत्र 21, 1919
No. 155] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 11, 1997/CHAITRA 21, 1919

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

राष्ट्रीय आवास बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1997

प्रारम्भिक

सा.का.नि. 213(अ).—राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनयम, 1987 (1987 का 53) की धारा 55 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बोर्ड, भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्वानमुोदन से और केन्द्रीय सरकार के परामर्श से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

अध्याय—I

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय आवास बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. अधिकारी, जिन पर ये विनियम लागू होंगे

(1) ये विनियम बैंक के सभी अधिकारियों पर लागू होंगे।

(2) ये विनियम भारत के बाहर स्थानांतरित/तैनात/प्रतिनियुक्त किए गए अधिकारियों पर भी, सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशिष्ट रूप से अथवा सामान्य तौर पर निर्धारित की गई सीमा को छोड़कर लागू होंगे।

(3) तथापि, ये विनियम अस्थायी रूप से अथवा विशेष संविदाओं पर नियोजित किए गए अधिकारियों पर लागू नहीं होंगे।

3. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक विषय या संदर्भ के विरूद्ध न हों :—

(क) "अधिनियम" से राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) अभिप्रेत हैं;

(ख) "नियत दिन" से इन विनियमों के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख अभिप्रेत है।

(ग) "बैंक" से राष्ट्रीय आवास बैंक अभिप्रेत है;

(घ) "बोर्ड" से बैंक का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है;

(ङ) "सक्षम प्राधिकारी" से अधिकारियों के मामले में, कनिष्ठ और मध्यम प्रबंध ग्रेड के अधिकारियों को छोड़कर, अध्यक्ष तथा अन्य मामलों में कार्यपालक निदेशक अभिप्रेत है;

(च) "परिलब्धियों" से तनख्वाह और भत्तों, यदि कोई हों, का योग अभिप्रेत है ;

(छ) "परिवार" से अभिप्रेत है, अधिकारी की पत्नी या पति, अधिकारी के ऐसे बच्चे, जिनमें सौतले बच्चे शामिल हैं, माता-पिता, भाई, और बहन, जो उस पर पूर्णतया आश्रित है, लेकिन इसमें वैध रूप से पृथक हुई पत्नी या पति सम्मिलित नहीं है;

(ज) "सरकार" से केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है;

(झ) "सरकार के मार्गनिर्देशों" से ऐसे मार्गनिर्देश अभिप्रेत हैं, सरकार द्वारा बैंक के कार्यों के संबंध में जारी किए जाएं और इनमें सरकार द्वारा समय-समय पर किए गए संशोधन तथा परिवर्तन भी सम्मिलित है;

(ञ) अधिकारी से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे विनियम 4 में निर्दिष्ट किसी ग्रेड में फिट किया गया हो या पदोन्नत किया गया हो या नियुक्त किया गया हो और ऐसा अन्य व्यक्ति, जो नियत दिन से फौरन पहले बैंक का अधिकारी था और इसमें वह विशेषज्ञ या तकनीकी व्यक्ति भी, जिसे फिट या पदोन्नत या नियुक्त किया गया हो, शामिल होगा, जिस पर विनियम 2 के अन्तर्गत इसमें से कोई भी विनियम लागू कर दिया गया है;

(ट) "वेतन" से पदोन्नति अवरोध वेतनवृद्धि सहित मूल वेतन अभिप्रेत है;

(ठ) "तनख्वाह" वेतन और महंगाई भत्ते का योग अभिप्रेत है;

(ड) "वर्ष" से बारह महीने की निरन्तर अवधि अभिप्रेत है;

(ढ) "कलैण्डर वर्ष" से किसी वर्ष की पहली जनवरी से आरम्भ होकर उसी वर्ष के दिसम्बर के 31वें दिन समाप्त होने वाली अवधि अभिप्रेत है;

(ण) "पूर्णत तथा आश्रित माता-पिता" से ऐसे माता-पिता अभिप्रेत है, जिनकी आय 500 रुपये प्रतिमाह से अधिक न हो;

(त) इसमे प्रयुक्त किए गए और परिभाषित न किए गए शब्दों और अभिव्यक्तियों, लेकिन जिन्हें अधिनियम ने परिभाषित किया गया है, का वही अर्थ होगा, जो अर्थ उनके लिए अधिनियम में निर्धारित किया गया है।

अध्याय—II

ग्रेड, वेतन-मान और पदों का वर्गीकरण

4. ग्रेड, वेतन-मान

(1) अधिकारियों के निम्नलिखित पांच ग्रेड होंगे, जिनके वेतनमान प्रत्येक ग्रेड के सामने निर्दिष्ट किए गए अनुसार होंगे :

ग्रेड	स्केल	वेतनमान
1	2	3
(क) विशेष ग्रेड	जैसा राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यपालक निदेशकों पर लागू है।	
(ख) सर्वोच्च कार्यपालक ग्रेड	स्केल-VII	रु. 12650-300-13250-350-13600-400-14000
	स्केल-VI	रु. 11450-300-12650

IndiaCode

1	2	3
(ग) वरिष्ठ प्रबंध ग्रेड	स्केल-V	रु. 10450-250-11450
		4
	स्केल-IV	रु. 8970-230-9200-250-10450
		1 5
(घ) मध्यम प्रबंध ग्रेड	स्केल-III	रु. 8050-230-9200-250-9700
		5 2
	स्केल-II	रु. 6210-230-8740
		11
(ङ) कनिष्ठ प्रबंध ग्रेड	स्केल-I	रु. 4250-230-4940-350-5290-230-8050
		3 1 12

स्पष्टीकरण : विशेष ग्रेड से वह वेतन, भत्ते एवं परिलब्धियां अभिप्रेत हैं, जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यपालक निदेशकों के लिए लागू हैं।

बशर्ते कि दिनांक : 7-2-1996 के कार्यालय आदेश सं. 174/96 के अनुसार उक्त ग्रेड और वेतनमान में फिट किए गए प्रत्येक अधिकारी को, जो नियत दिन को लागू ग्रेड और वेतनमान द्वारा शासित हो, ऊपर निर्धारित वेतनमान में फिट किया गया माना जाएगा।

(2) उप-विनियम (1) से यह तात्पर्य नहीं निकाला जाएगा कि बैंक में हर समय इन सभी ग्रेडों में कार्यरत अधिकारी होंगे।

5. वेतनवृद्धियां

(1) वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उप-खण्डों के अध्यधीन मंजूर की जाएंगी :—

(क) विनियम 4 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित वेतनमानों में निर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन, वार्षिक आधार पर उपचित होंगी और जिस महीने में वे देय होंगी, उसके प्रथम दिन से प्रदान की जाएंगी ।

(ख) वेतनमान I और वेतनमान II में कार्यरत अधिकारियों को उनके संबंधित वेतनमान की अधिकतम सीमा पर पहुंचने के एक वर्ष बाद, नीचे (ग) में बताए अनुसार ही अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नति अवरोध वेतनवृद्धि(यों) सहित आगे वेतनवृद्धि, उनके द्वारा दक्षता रोध पार किए जाने पर मंजूर की जाएगी ।

(ग) उपर्युक्त (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित ऐसे अधिकारी, जो मध्यम प्रबंध ग्रेड वेतनमान-II और III की अधिकतम सीमा तक पहुंच चुके हों, वेतनमान II और III, जैसी भी स्थिति हो, के अंतिम चरण में पहुंचने के बाद सेवा के प्रत्येक तीन वर्ष पूरे करने के बाद पदोन्नति अवरोध वेतनवृद्धि (यां) प्राप्त करेंगे, परन्तु ये वेतनवृद्धियां वेतनमान II के अंतिम चरण वाले अधिकारियों के लिए 230 रु. की अधिकतम दो और वेतनमान III के अंतिम चरण वाले अधिकारियों के लिए 250 रु. की अधिकतम एक होगी । तथापि, वे अधिकारी, जो मूल वेतनमान III में हैं, अर्थात् जो स्केल III में पदोन्नत या भर्ती किए गए हैं, पहली पदोन्नति अवरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करने के तीन वर्ष बाद 250 रुपये की दूसरी पदोन्नति अवरोध वेतनवृद्धि प्राप्त करेंगे ।

टिप्पणी : अगले उच्चतर वेतनमान में ऐसी वेतनवृद्धियां की मंजूरी पदोन्नति के बराबर नहीं होगी। ऐसी वेतनवृद्धियां प्राप्त करने के बाद भी अधिकारी यथास्थिति अपने मूल वेतनमान I अथवा वेतनमान II, जैसी भी स्थिति हो, के विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद प्राप्त करते रहेंगे ।

(2) भारतीय बैंककर्स संस्थान की प्रमाणित सहयोगी परीक्षा (सी ए आई आई बी) का प्रत्येक भाग पास करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी ।

IndiaCode

स्पष्टीकरण. ऐसे अधिकारियो की, जो वेतनमान की अधिकतम सीमा पर पहुच रहे हो अथवा पहुच चुके हो तथा पदोन्नति के अलावा किसी अन्य प्रकार से आगे न बढ सकते हो, सी ए आई आई बी की परीक्षा पास करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियो के स्थान पर व्यावसायिक योग्यता भत्ता नियमानुसार दिया जाएगा

सी ए आई आई बी का केवल भाग- I पास करने वाले वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष बाद 120 रु0 प्रतिमाह ।

सी ए आई आई बी के दोनो भाग पास करने वाले.

i. वेतनमान के अधिकतम पर पहुचने के एक वर्ष बाद 120 रुपए प्रतिमाह ।
ii. वेतनमान के अधिकतम पर पहुचने के 2 वर्ष बाद 300 रुपए प्रतिमाह ।

टिप्पणी.(क) सशोधित व्यावसायिक योग्यता भत्ता, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता और अग्रिमार्जिता लाभो के बराबर होगा ।

(ख) यदि ऐसा अधिकारी, जो व्यावसायिक योग्यता भत्ता ले रहा है, अगले उच्चतर स्केल मे पदोन्नत हो जाए, तो ऐसे उच्चतर स्केल मे फिट किए जाने पर सरकारी मार्गनिर्देशो यदि कोई हो, के अध्याधीन, सी ए आई आई बी उत्तीर्ण करने के लिए अतिरिक्त वेतनवृद्धि(यो) उस स्केल मे उपलब्ध वेतनवृद्धियो की सीमा तक दी जाएगी और यदि उस स्केल मे कोई वेतनवृद्धि उपलब्ध न हो या केवल एक वेतनवृद्धि उपलब्ध हो, तो वह अधिकारी वेतनवृद्धि(यो) के स्थान पर व्यावसायिक योग्यता भत्ता पाने का हकदार होगा ।

6. वर्गीकरण

प्रयोज्य उत्तरदायित्वो और कृत्यों को ध्यान मे रखकर, बैंक मे अधिकारी के प्रत्येक पद को, बोर्ड या इस कार्य के लिए बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा विनियम 4 में उल्लिखित किसी एक ग्रेड या वेतनमान के अंतर्गत आने वाले पद के रुप में वर्गीकृत किया जाएगा और बोर्ड अथवा उस प्राधिकारी द्वारा ऐसे वर्गीकरण पर पुनर्विचार किया जा सकता है ।

7. नियत दिन को वर्गीकरण

विनियम 6 के प्रावधानो के अध्यधीन, नियत दिन से तत्काल पहले विद्यमान ग्रेडों / वेतनमानो / पदो मे, अधिकारियो को निम्नलिखित सारणी में निर्दिष्ट किये गये अनुसार वर्गीकृत किया

जाएगा:

सारणी

ग्रेड/ वेतनमान/ पद	जिस ग्रेड या वेतनमान में रखा गया
(1)	(2)
कार्यपालक निदेशक	विशेष ग्रेड
मुख्य महाप्रबन्धक	सर्व उच्च कार्यपालक ग्रेड स्केल एवं विशेष भत्ता, जो नियत दिन को मिल रहा था
महाप्रबन्धक, ग्रेड क एवं वेतनमान VII	सर्वोच्च कार्यपालक ग्रेड वेतनमान VII
उप महाप्रबन्धक, ग्रेड ख एव वेतनमान VI	सर्वोच्च कार्यपालक ग्रेड वेतनमान VI
सहायक महाप्रबन्धक, ग्रेड ग एव वेतनमान V	वरिष्ठ प्रबंध ग्रेड वेतनमान V
क्षेत्रीय प्रबन्धक, ग्रेड घ एवं वेतनमान IV	वरिष्ठ प्रबंध ग्रेड वेतनमान IV
प्रबन्धक, ग्रेड ड एवं वेतनमान III	मध्यम प्रबंध ग्रेड वेतनमान III
उप प्रबन्धक, ग्रेड च एव वेतनमान II	मध्यम प्रबंध ग्रेड वेतनमान II
सहायक प्रबन्धक, ग्रेड छ एवं वेतनमान I	कनिष्ठ प्रबंध ग्रेड वेतनमान I

परन्तु उपर्युक्त वर्गीकरण के फलस्वरुप उत्पन्न होने वाली किन्हीं कठिनाईयों तथा विसंगतियो को एक समिति के पास उसके निर्णय हेतु भेजा जाएगा, जिसमें अध्यक्ष तथा वे व्यक्ति शामिल होंगे, जिन्हे सरकार द्वारा नियुक्त किया जाए।

अध्याय - III

नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवासमाप्ति

8. नियुक्तियां

(1) बोर्ड समय-समय पर बैंक मे स्केल II और इससे ऊपर के अधिकारियो के पदो की सख्या निर्दिष्ट करेगा तथा अध्यक्ष अन्य अधिकारियो के पदो की सख्या निर्दिष्ट करेगा । स्केल II को छोड़कर, सृजित किए गए नए पदो की सख्या के बारे मे समय-समय पर बोर्ड को सूचित किया जाएगा ।

(2) अधिकारी ग्रेड मे सभी नियुक्तिया तथा पदोन्नतिया, इस सबध मे समय-समय पर सरकार के मार्गनिर्देशो (जिसमे आरक्षण से सबधित मार्गनिर्देश भी शामिल है), यदि कोई हो, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जाएगी ।

9. परिवीक्षा

(1) जिस अधिकारी को सीधे कनिष्ठ प्रबंध ग्रेड मे नियुक्त किया गया हो, वह दो वर्ष की परिवीक्षा पर रहेगा ।

(2) बैंक का वह कर्मचारी, जिसे कनिष्ठ प्रबध ग्रेड मे अधिकारी के रूप मे पदोन्नत किया गया हो, एक वर्ष की परिवीक्षा पर रहेगा ।

(3) अन्य किसी ग्रेड मे नियुक्त अधिकारी उतने समय तक परिवीक्षा पर रहेगा, जितने समय का निर्णय बैंक द्वारा किया जाएगा ।

(4) उपर्युक्त उप-विनियमो मे किसी बात के होते हुए भी, किसी अधिकारी के मामले मे सक्षम प्राधिकारी परिवीक्षा की अवधि को बढ़ा या घटा सकता है या उससे छूट दे सकता है ।

10. स्थायीकरण

(1) किसी भी अधिकारी को बैंक की सेवा मे तब स्थायी किया जाएगा, जब उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी किए जाने के लिए उपयुक्त पाया जाएगा ।

(2) यदि सक्षम प्राधिकारी की राय मे किसी अधिकारी ने अपनी परिवीक्षावधि के दौरान अपने कर्त्तव्यो का सतोषजनक ढंग से निष्पादन नहीं किया है, तो अधिकारी की परिवीक्षावधि को आगे बढ़ाया जा सकता है, परन्तु इस वृद्धि की अवधि एक वर्ष से अधिक नही होगी ।

(3) जहां परिवीक्षावधि के दौरान, बढाई गई अवधि सहित, यदि कोई हो, सक्षम प्राधिकारी की यह राय हो कि अधिकारी स्थायीकरण के योग्य नहीं है, तो:

IndiaCode

(क) सीधे नियुक्त होने वाले व्यक्ति के मामले में, एक महीने का नोटिस देकर या इसके बदले एक महीने की परिलब्धियो का भुगतान करके उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है; और

(ख) बैंक की सेवाओं से पदोन्नत व्यक्ति के मामले मे, उसे उस ग्रेड या संवर्ग मे पदावनत किया जा सकता है, जिससे वह पदोन्नत हुआ था ।

11. पदोन्नतियां

(1) बैंक के अधिकारियो के सभी ग्रेडों मे पदोन्नतिया, उन नीतियो के अनुसार की जाएगी, जो बोर्ड द्वारा सरकार के मार्गनिर्देशो, यदि कोई हो, को ध्यान मे रखकर समय-समय पर निर्धारित की गई हों ।

(2) शंकाओं से बचने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि यह विनियम किसी भी वर्ग के कर्मचारियो की कनिष्ठ प्रबध ग्रेड मे पदोन्नतियों पर भी लागू होगा ।

12. वरिष्ठता

(1) बैंक हर वर्ष अपनी सेवा मे लगे अधिकारियो की एक सूची तैयार करेगा जिसमे उनके नाम अखिल भारतीय आधार पर उनकी वरिष्ठता के क्रम में होगे और उसमें वे अन्य ब्यौरे भी होगे, जिनका बैंक विनिश्चय करे । उस सूची की एक प्रति बैंक की प्रत्येक शाखा या कार्यालय मे रखी जाएगी ।

(2) किसी ग्रेड या वेतनमान मे किसी अधिकारी की वरिष्टता, उस ग्रेड या वेतनमान मे उसकी नियुक्ति की तारीख को लेकर गिनी जाएगी । जहा उस ग्रेड या वेतनमान मे एक समान सेवा-अवधि वाले दो या उससे अधिक अधिकारी हों, तो उनकी पारस्परिक वरिष्ठता उससे फौरन पहले वाले ग्रेड या वेतनमान या बैंक की सेवा मे उस पिछले संवर्ग मे उनकी वरिष्ठता को लेकर गिनी जाएगी, जिसके अर्न्तगत वे थे । जहां दो या उससे अधिक अधिकारियो की सेवा अवधि, ऐसे पूर्वगामी ग्रेड या वेतनमान या ऐसे पिछले संवर्ग मे एक-समान हो, वहां उनकी वरिष्ठता बैंक में फौरन पूर्वगामी ग्रेड या वेतनमान या संवर्ग मे, जैसी भी स्थिति हो, उनकी वरिष्ठता को लेकर निर्धारित की जाएगी ।

(3) उप विनियम (2) के उपबन्धों के अध्यधीन :-

(क) किसी ग्रेड या वेतनमान में एक दल (बैच) मे सीधे भर्ती हुए अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता, भर्ती के समय उन्हें आबंटित क्रम (रैंक) को लेकर गिनी जाएगी ।

(ख) तथापि, यदि दो या उससे अधिक अधिकारियों ने एक ही तारीख को कार्यभार ग्रहण किया हो और उनकी भर्ती के समय उन्हें कोई क्रम (रैंक) आबंटित न किया गया हो, तो सामान्य वरिष्ठता सूची में उनकी वरिष्ठता उनकी जन्म-तिथि के आधार पर निर्धारित की जाएगी ।

(ग) सामान्य वर्ग और आरक्षित वर्ग के अन्तर्गत भर्ती किए गए अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता, इन अधिकारियों द्वारा प्राप्त अंकों के अनुसार निर्धारित की जाएगी और आरक्षित उम्मीदवारों के लिए काल्पनिक अंक नहीं जोड़े जायेंगे ।

परन्तु, नियत दिन से पहले पदोन्नत किए गए / पदोन्नति के लिए सूची में शामिल किए गए अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(4) उस अधिकारी, जिसकी प्रवीक्षा अवधि बढ़ा दी गयी हो, के मामले में, उसकी वरिष्ठता उन सभी अधिकारियों, यदि कोई हों, के बिल्कुल नीचे गिनी जाएगी, जो उसके साथ एक ही दल (बैच) में भर्ती या पदोन्नत किए गए हों ।

(5) नियत दिन को बैंक की सेवा में अधिकारियों की वरिष्ठता, बोर्ड द्वारा इस विनियम के प्रावधानों और ऐसे अन्य कारकों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाएगी, जिसे वह इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त समझें ।

13. सेवानिवृत्ति की आयु

(1) अधिकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष होगी ।

परन्तु बैंक अपने स्वविवेक से इसके पश्चात् उप विनियम (2) में की गई व्यवस्था के अनुसार विशेष समिति (यों) द्वारा समीक्षा किये जाने पर, लोक हित में, किसी अधिकारी कर्मचारी की 55 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर या उसके बाद किसी भी समय अथवा अधिकारी कर्मचारी के रुप में या अन्यथा कुल 30 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने पर या उसके बाद किसी भी समय, इनमें से जो भी पहले हो, सेवानिवृत्त कर सकता है ।

परन्तु किसी अधिकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति करने से पहले, उसे कम से कम तीन महीने का लिखित नोटिस या तीन महीने के वेतन और भत्तों के बराबर रकम दी जाएगी ।

परन्तु यह और कि उप-विनियम (2) में किये गये प्रावधान के अनुसार यदि कोई अधिकारी सक्षम प्राधिकारी के आदेशों से असंतुष्ट हो तो वह आदेश पारित होने के एक माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के विरुद्ध बोर्ड को लिखित में अभ्यावेदन दे सकता है और संबधित अधिकारी से ऐसा अभ्यावेदन प्राप्त होने पर बोर्ड 3 माह के भीतर उसके अभ्यावेदन पर विचार करके निर्णय करेगा । जहां बोर्ड यह निर्णय करे कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश न्यायसंगत नहीं है वहां संबंधित अधिकारी को इस तरह बहाल किया जाएगा कि मानो सक्षम प्राधिकारी ने आदेश पारित ही न किए हों ।

परन्तु यह भी कि यह विनियम किसी भी रूप में बैंक के नियमों के अनुसार किसी अधिकारी कर्मचारी द्वारा विकल्प के अधिकार का प्रयोग करते हुए समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने में बाधक नहीं समझा जाएगा ।

स्पष्टीकरण: कोई अधिकारी उस महीने के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होगा जिसमें वह सेवानिवृत्ति की आयु पूरी करता है । जिस अधिकारी की जन्म तिथि महीने की पहले तारीख को पड़ती है, वह पूर्ववर्ती महीने के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होगा ।

(2) बैंक कम से कम 3 सदस्यों की विशेष समिति (यां) गठित करेगा, जो यह समीक्षा करेगी कि क्या किसी अधिकारी कर्मचारी को उप विनियम (1) के पहले परंतुक के अनुसार सेवानिवृत्त कर दिया जाए । उक्त समिति (यां) प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी के मामले की अनुबंध में दिए गए मानदण्डों / मार्गनिर्देशों के अनुसार समय-समय पर समीक्षा करेगी और जब तक विशेष समिति (यां) उस अधिकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बारे में सक्षम प्राधिकारी को लिखित में सिफारिश(शें) नहीं करेगी, तब तक सेवानिवृत्ति का आदेश जारी नहीं किया जायेगा ।

14. सेवा की समाप्ति

(1) (क) विनियम 10 के उप विनियम (3) के अध्यधीन, जहां बैंक इस बात से संतुष्ट हो कि किसी अधिकारी का कार्यनिष्पादन संतोषजनक नहीं है या अपर्याप्त है, या उसकी निष्ठा के बारे में वस्तुतः संदेह हो या बैंक की सेवा में उन्हें रखना बैंक के हितों के प्रतिकूल हो और जहां अनुशासनिक कार्यविधि के अनुसार उनके खिलाफ कार्यवाही करना सम्भव या उपयुक्त न हो, वहां बैंक सरकार द्वारा समय-समय पर जारी मार्गनिर्देशों के अनुसार तीन माह का नोटिस अथवा उसके स्थान पर परिलब्धियां देकर उसकी सेवाएं समाप्त कर सकता है ।

(ख) इस उप विनियम के तहत सेवा की समाप्ति का आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा, जब तक कि ऐसे अधिकारी को प्रस्तावित आदेश के खिलाफ बैंक को अभ्यावेदन देने के लिए पर्याप्त अवसर न दिए गए हों ।

(ग) उपर्युक्त उप विनियम (क) के तहत किसी अधिकारी कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय केवल अध्यक्ष द्वारा ही किया जाएगा ।

(घ) अधिकारी कर्मचारी को उपर्युक्त उप-विनियम (क) के तहत पारित किसी भी आदेश के खिलाफ बैंक के निदेशक बोर्ड को एक माह के भीतर अपील करने का अधिकार होगा । यदि अपील मंजूर हो जाए, तो उप विनियम (क) के तहत दिया गया आदेश रद्द समझा जाएगा ।

(ङ) यदि किसी अधिकारी कर्मचारी की सेवाएं नोटिस के एवज में तीन महीने की परिलब्धियां देकर समाप्त कर दी गई हों तथा उसकी अपील पर सेवा-समाप्ति के आदेश को रद्द

कर दिया गया हो, तो नोटिस के एवज मे उसे दी गई रकम को उसके उस वेतन के प्रति समायोजित किया जाएगा, जो उसने सेवा समाप्त न होने की स्थिति मे अर्जित की होती तथा वह बैंक सेवा मे उन्हीं नियमो एवं शर्तों पर कार्य करता रहेगा, मानो सेवा समाप्ति का आदेश पारित ही न किया गया हो ।

(च) जिस अधिकारी कर्मचारी की सेवाएं उपर्युक्त उप-विनियम (क) के तहत समाप्त की जाती हैं, उसे उपदान (ग्रेच्युटी), नियोक्ता के अंशदान सहित, भविष्य निधि तथा उसे नियमानुसार अनुमत्य अन्य सभी देय राशियां प्रदान की जाएंगी, चाहे उसने कितने भी वर्ष सेवा की हो ।

(छ) यहां ऊपर निहित किसी भी बात से विनियम 13(1) के तहत किसी भी अधिकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति प्रदान करने का बैंक का अधिकार प्रभावित नहीं होगा ।

(2)(क) कोई भी अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी को कम से कम 3 माह की अवधि का लिखित नोटिस दिए बिना बैंक से अपनी सेवा नहीं छोड़ेगा या समाप्त नहीं करेगा ।
परन्तु, सक्षम प्राधिकारी, स्व-विवेक से, 3 माह की अवधि को कम कर सकता है या नोटिस दिये जाने की अपेक्षा को समाप्त कर सकता है ।

(ख) यदि खण्ड (क) के तहत संबंधित अधिकारी द्वारा कोई नोटिस नहीं दिया गया है, तो उस अधिकारी को, उसके द्वारा नोटिस दिए जाने की अपेक्षित अवधि के लिए, उसे अपने मूल वेतन के बराबर राशि बैंक को अदा करनी होगी ।

(ग) यदि किसी अधिकारी ने 50 वर्ष की आयु पूरी कर ली है, तो वह सक्षम प्राधिकारी को तीन माह का लिखित नोटिस देने के बाद स्वैच्छिक रुप से सेवानिवृत्त हो सकता है । परन्तु यह विनियम उस अधिकारी, जो विदेश में प्रतिनियुक्त है, पर तब तक लागू नहीं होगा, जब तक कि भारत मे स्थानांतरित होने या भारत लौटने के बाद, उसने भारत में अपना पद भार पुनः ग्रहण न कर लिया हो और कम से कम एक वर्ष की सेवा पूरी न कर ली हो ।

परन्तु यह और कि यह उप-विनियम उस अधिकारी पर भी लागू नहीं होगा, जो उस स्वायत्तशासी निकाय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मे स्थायी रुप से आमेलन किये जाने के लिए सेवानिवृत्ति की मांग करता है, जिसमें वह स्वैच्छिक रुप से सेवानिवृत्ति की मांग करने के समय प्रतिनियुक्ति पर है ।

(घ) उप-विनियम (2) (ग) के अनुसरण मे सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी द्वारा अनुरोध किए जाने पर, सक्षम प्राधिकारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए दी जाने वाली नोटिस की पूर्ण अवधि या उसके किसी भाग को समाप्त कर सकता है, बशर्ते कि सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसी समाप्ति से कोई प्रशासनिक असुविधा नहीं होगी ।

(3)(क) उप-विनियम (2) में निहित किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, यदि किसी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही लंबित हो, तो वह लिखित रुप में सक्षम प्राधिकारी को

पूर्वानुमति लिए बिना बैंक से अपनी सेवा नहीं छोड़ेगा / समाप्त नहीं करेगा अथवा त्यागपत्र नहीं देगा और इस प्रकार अनुशासनिक कार्यवाही से पहले या उसके दौरान, उसके द्वारा दिया गया त्याग-पत्र तब तक प्रभावी नहीं होगा, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह (त्यागपत्र) स्वीकार नहीं कर लिया जाता ।

(ख) इस विनियम के प्रयोजन हेतु किसी भी अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही उस अवस्था मे लंबित मानी जाएगी, यदि उसे निलंबित कर दिया गया हो अथवा उसे "कारण बताओ नोटिस" देकर उसको यह बताने के लिए कहा गया हो कि उसके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही क्यों न की जाए और जब तक सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस संबंध में अन्तिम आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक अनुशासनिक कार्यवाही को लंबित माना जाएगा ।

(ग) जिस अधिकारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है, वह अधिवार्षिता की तारीख को सेवा में नहीं रहेगा, परन्तु अनुशासनिक कार्यवाही वैसे ही चलती रहेगी, मानो वह सेवा में हो, जब तक कि यह कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती और इस संबंध मे अन्तिम आदेश पारित नहीं कर दिया जाता । संबंधित अधिकारी को अधिवार्षिता की तारीख के बाद कोई वेतन और / या भत्ते प्राप्त नहीं होंगे । यह कार्रवाई पूरी होने तथा अंतिम आदेश पारित होने तक , वे अंशदायी भविष्य निधि के अपने हिस्से को छोड़कर सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले लाभ प्राप्त करने के पात्र भी नहीं होंगे ।

IndiaCode

अध्याय-4

भत्ते

15. महंगाई भत्ता

क) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 1148 अंकों के ऊपर 4 अंक की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से देय होगा ।

ख) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा:

(i) 4800 रु0तक वेतन का 0.35 प्रतिशत और
(ii) 4800 रु0 के ऊपर परन्तु 7700 रु0 तक वेतन का 0.29 प्रतिशत और
(iii) 7700 रु0 के ऊपर परन्तु 8200 रु0 तक वेतन का 0.17 और
(iv) 8200 रु0 से ऊपर वेतन का 0.09 प्रतिशत

16. मकान किराया भत्ता

जहां बैंक द्वारा अधिकारी को कोई रिहाइशी आवास उपलब्ध नहीं कराया जाता, वहां वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ते के लिए पात्र होगा :

	I	II
(i)	"ए" वर्ग के प्रमुख नगर और समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 13 प्रतिशत
(ii)	क्षेत्र I में अन्य स्थान और समूह "बी" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12 प्रतिशत
(iii)	क्षेत्र II तथा राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10.5 प्रतिशत
(iv)	क्षेत्र III	वेतन का 9.5 प्रतिशत

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है, तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है, उसके प्रथम प्रक्रम में वेतन के 4 प्रतिशत से ऊपर, उसके द्वारा अपने रिहाइशी आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया होगा, जो ऊपर उल्लिखित दर के अनुसार उसे देय मकान किराया भत्ते का अधिकतम 150 प्रतिशत होगा । उसी प्रकार, मकान किराया भत्ते के लिए अधिकारियों के दावे, जो उनके स्वामित्व वाले आवास की लागत से संबद्ध है, मकान किराया भत्ते के 150 प्रतिशत तक सीमित होंगे ।

IndiaCode

17. अन्य भत्ते

अधिकारी निम्नलिखित अन्य भत्ते पाने का हकदार होगा, अर्थात्:

i) नगर प्रतिकर भत्ता: नगर प्रतिकर भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा:

स्थान	दरें
1	2
क) क्षेत्र I और गोवा राज्य मे स्थित स्थान	मूल वेतन का 4.5 प्रतिशत,परन्तु अधिकतम 335 रुपये प्रतिमाह
ख) 5 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान तथा राज्यो की राजधानियां और चंडीगढ़, पांडेचेरी तथा पोर्टब्लेयर.	मूल वेतन का 3.5 प्रतिशत, परन्तु अधिकतम 230 रु0 प्रतिमाह

ii) प्रतिनियुक्ति भत्ता

यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, तो वह उस पद से जुड़ी परिलब्धियां प्राप्त करने का विकल्प दे सकता है, जिस पर उसे प्रतिनियुक्त किया गया हो । दूसरे विकल्प के रुप मे, वह अपने वेतन के अतिरिक्त वेतन के 12 प्रतिशत जो 700 रुपये से ज्यादा न हो, का प्रतिनियुक्ति भत्ता तथा ऐसे अन्य भत्ते ले सकता है, जो उसे तब तक मिलते, जब तक वह उस स्थान पर बैंक की सेवा मे तैनात किया गया होता ।

परन्तु, यदि उसे ऐसे संगठन मे प्रतिनियुक्त किया जाए, जो उसी स्थान पर स्थित है, जहां प्रतिनियुक्ति के फौरन पहले वह तैनात था, तो उसे उसके वेतन के 6 प्रतिशत के बराबर और अधिकतम 350 रुपये प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा ।

परन्तु यदि अधिकारी को बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रुप में अथवा बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड मे प्रतिनियुक्त किया जाए, तो वह अपने वेतन का 6 प्रतिशत और अधिकतम 350 रुपये प्रतिनियुक्ति भत्ता पाने का हकदार होगा ।

iii) मध्य शैक्षिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता

यदि किसी अधिकारी को किसी शैक्षिक वर्ष के बीच मे एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है और यदि उसके एक या इससे अधिक बच्चे पहले वाले स्थान पर स्कूल या कालेज में पढ़ते हैं, तो उसे बाद वाले स्थान पर रिपोर्ट करने की तारीख से शैक्षिक वर्ष के अन्त तक सभी बच्चो के लिए 150 रुपए प्रतिमाह का मध्य शैक्षिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता मिलेगा । परन्तु यदि सभी बच्चे पहले वाले स्थान पर पढ़ाई बन्द कर देते हैं, तो यह भत्ता नहीं मिलेगा।

अध्याय - V

अनुलाभ

18. चिकित्सा सहायता

(1) अधिकारी अपने और अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात्:-

(क) चिकित्सा व्यय:

अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ-1 में विनिर्दिष्ट वेतन सीमा तथा स्तम्भ-2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी । इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाणपत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :-

सारणी

वेतन सीमा	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
1	2
4250 रुपये से 6210 रुपये प्रतिमाह	750 रुपये
6211 रुपये प्रतिमाह और इससे अधिक	1000 रुपये

टिप्पणी: उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है । परन्तु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नहीं होगी ।

स्पष्टीकरण: इस विनियम के प्रयोजन के लिए अधिकारी के "परिवार" में उसका पति / उसकी पत्नी, पूर्णत: आश्रित संतान और पूर्णत: आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे ।

(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च:

(i) ऐसे सभी मामलो मे, जिसमे अस्पताल मे भर्ती होने की आवश्यकता हो, अस्पताल में भर्ती होने पर, अधिकारी के मामले में 90 प्रतिशत तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60 प्रतिशत तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी। किए गए खर्च की प्रतिपूर्ति बिल,वाउचर आदि के आधार पर सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार समय-समय पर निर्धारित अधिकतम सीमा के अध्यधीन की जाएगी ।

IndiaCode

(ii) अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों (जैसी भी स्थिति हो) से यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी सरकारी या नगरपालिका अस्पताल में या किसी निजी अस्पताल अर्थात् किसी न्यास, धर्मार्थ संस्थान या धार्मिक मिशन के प्रबंधन के अधीन आने वाले अस्पतालों में भर्ती हों । किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में, अधिकारीगण या उनक परिवार के सदस्य अथवा दोनों किसी अनुमोदित निजी नर्सिंग होम या बैंक द्वारा अनुमोदित निजी अस्पतालों मे भर्ती हो सकते हैं । लेकिन, ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति ऊपर वर्णित किसी एक अस्पताल में मरीज के भर्ती होने पर प्रतिपूर्ति योग्य राशि तक सीमित रहेगी ।

(iii) मान्यताप्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्च माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा खर्चों की अधिकारी के मामले में 90 प्रतिशत तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :

कैंसर,तपेदिक,पक्षाघात,हृदय रोग,ट्यूमर,चेचक,प्लूरिसी,डिप्थीरिया,कुष्ठ रोग,गुर्दे की बीमारी ।

(2) ऊपर उप-विनियम (1) में उल्लिखित चिकित्सा लाभों (अस्पताल में इलाज आदि सहित) के होते हुए भी और पूर्ण रूप से उसके बदले में, बोर्ड नियत दिन को बैंक में उपलब्ध चिकित्सा लाभों (अस्पताल में इलाज आदि समेत) को अपरिवर्तित रूप से रखे जाने का निर्णय कर सकता है और यदि बोर्ड ऐसा निर्णय करता है, तो सभी अधिकारी केवल उन्हीं शर्तों के अनुसार चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे, जो चिकित्सा लाभो (अस्पतालों मे इलाज आदि समेत) के प्रदान किए जाने के लिए नियत दिन को बैंक मे लागू होगे ।

(3) चिकित्सा सहायता और अस्पताल मे इलाज की सुविधाएं उन अधिकारियों के लिए भी स्वीकार्य होंगी, जिन्हें निलंबन में रखा गया हो ।

19. रिहायशी आवास

कोई अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराएं जाने के लिए, अधिकार के रूप मे हकदार नहीं होगा । तथापि, बैंक चाहे तो, अधिकारी द्वारा अपने वेतनमान, जिसमे उसे फिट किया गया हो, के पहले चरण के वेतन का 4 प्रतिशत या आवास का मानक किराया, जो भी कम हो, अदा किए जाने पर असज्जित आवास मुहैया करा सकता है ।

परन्तु शर्त यह है कि जहां बैंक इस प्रकार के आवास मुहैया कराता है,वहां बिजली, पानी, गैस, सफाई का खर्च और केवल टी0वी0 का खर्च अधिकारी को वहन करना होगा ।

20. निजी कार्यों के लिए बैंक की कार

(1) बोर्ड द्वारा जिन अधिकारियों को सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार प्राधिकृत किया गया हो, उन्हें छोड़कर अन्य किसी भी अधिकारी को निजी कार्यों के लिए बैंक की कार का प्रयोग नहीं करने दिया जाएगा ।

(2) निजी कार्यों के लिए बैंक की कार का प्रयोग, समय-समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गनिर्देशों के अनुसार बोर्ड द्वारा अनुमोदित योजना के तहत किया जाएगा ।

21. वाहन खरीदने के लिए ऋण

उस अधिकारी को, जो बैंक की सेवा में स्थायी हो गया हो, मोटर कार या अन्य वाहन खरीदने के लिए बैंक उन शर्तों के तहत ऋण दे सकता है, जो बोर्ड द्वारा सरकार के मार्गनिर्देशों को ध्यान मे रखकर सामान्य रुप से या किसी विशेष ऋण के संदर्भ में निश्चित की जाए ।

22. मकान खरीदने के लिए ऋण

उस अधिकारी को, जो बैंक की सेवा में स्थायी हो गया हो, मकान बनाने के लिए जमीन खरीदने हेतु अथवा मकान,फलैट या अपार्टमेंट खरीदने या बनवाने के लिए अथवा मकान, फलैट या अपार्टमेंट के विस्तार या मरम्मत के लिए, बैंक उन शर्तों के तहत ऋण दे सकता है, जो सरकार द्वारा जारी किए गए मार्गनिर्देशों को ध्यान मे रखते हुए, बोर्ड द्वारा सामान्य रुप से या किसी विशेष ऋण के संदर्भ में निश्चित की जाए ।

23. आतिथ्य खर्च और क्लब सदस्यता शुल्क:

बैंक किसी अधिकारी के उन आतिथ्य खर्चों और क्लबो तथा व्यावसायिक संस्थाओ की सदस्यता के उस शुल्क की प्रतिपूर्ति कर सकता है, जो सरकार के मार्गनिर्देशो के अनुसार बोर्ड द्वारा निश्चित की जाए ।

अध्याय-VI

छुट्टी

24. छुट्टी की किस्में:

सेवा की आवश्यकताओं को देखकर छुट्टी प्रदान करने का निर्णय किये जाने के आधार पर कोई अधिकारी निम्नलिखित किस्म की छुट्टियों का पात्र होगा:-

(क) आकस्मिक छुट्टी
(ख) साधिकार छुट्टी
(ग) बीमारी छुट्टी
(घ) विशेष बीमारी छुट्टी
(ङ) प्रसूति छुट्टी
(च) वेतन के बगैर असाधारण छुट्टी
(छ) विशेष आकस्मिक छुट्टी तथा विशेष छुट्टी

IndiaCode

25. आकस्मिक छुट्टी:

(1) कोई अधिकारी एक वर्ष में पूरी परिलब्धियों सहित 12 कार्य दिवसों की आकस्मिक छुट्टी लेने का पात्र होगा, परन्तु एक बार में चार दिन से अधिक आकस्मिक छुट्टी नहीं ली जाएगी ।

(2) किसी वर्ष में न ली गई आकस्मिक छुट्टी उसके अगले वर्ष में बीमारी की छुट्टी के आगे या पीछे जोड़ी जा सकती हैं ।

26. साधिकार छुट्टी:

(1) कोई अधिकारी ड्यूटी पर रहते हुए प्रत्येक 11 दिन की सेवा पर एक दिन की साधिकार छुट्टी का पात्र होगा परन्तु सेवा आरंभ होने पर ड्यूटी पर रहते हुए 11 महीने की सेवा पूरी होने से पहले कोई साधिकार छुट्टी नहीं ली जा सकेगी ।

(2) साधिकार छुट्टी पर कोई अधिकारी छुट्टी अवधि के लिए पूरी परिलब्धियों का हकदार होगा ।

(3) साधिकार छुट्टी की अवधि, जो उसकी अर्जित की हुई छुट्टी में से ली जा चुकी छुट्टी की अवधि को निकालने के बाद, बनेगी ।

(4) जब तक कि आबंटित छुट्टी नामंजूर न कर दी गई हो, विशेषाधिकार छुट्टी अधिक से अधिक 240 दिनो तक संचित की जा सकती है ।

(5) साधिकार छुट्टी लेने का इच्छुक अधिकारी ऐसी छुट्टी लेने की अपनी इच्छा साधारणतया कम से कम एक महीना पहले व्यक्त करेगा ।

27. बीमारी की छुट्टी:

(1) कोई अधिकारी सेवा के पूरे किए प्रत्येक वर्ष के लिए 30 दिन की बीमारी की छुट्टी लेने का पात्र होगा परन्तु, यह छुट्टी पूरी सेवा के दौरान अधिक से अधिक 18 महीने की होगी । ऐसी छुट्टी पूरी सेवा के दौरान 540 दिन तक संचित हो सकती है और बैंक को स्वीकार्य या बैंक के स्वनिर्णय पर, उसके ही खर्च पर, उसके द्वारा मनोनीत किसी चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाणपत्र पेश करने पर ही ली जा सकती है ।

(2) बीमारी की छुट्टी की अवधि के लिए अधिकारी पूरी परिलब्धियों का आधा भाग प्राप्त करने का पात्र होगा ।

परन्तु यदि कोई अधिकारी चाहे तो बैंक उसे प्रदान की गई बीमारी की छुट्टी के किसी हिस्से के लिए पूरी परिलब्धियां प्राप्त करने की अनुमति दे सकता है परन्तु पूरी परिलब्धियों पर उस अवधि की दुगनी मात्रा बीमारी छुट्टी लेखा मे नामे डाल दी जाएगी ।

(3) बीमारी की छुट्टी समाप्त होने पर कार्य पर वापस आने के इच्छुक किसी अधिकारी से बैंक ऐसा चिकित्सा प्रमाणपत्र पेश करने की मांग कर सकता है, जिसमें यह लिखा हो कि वह ड्यूटी के लिए योग्य है ।

28. बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी:

जहां अधिकारी ने 24 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, तो वह 24 वर्ष से अधिक सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए, एक माह की दर से अतिरिक्त बीमारी छुट्टी लेने का हकदार होगा परन्तु, यह बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी अधिक से अधिक 3 माह होगी ।

29. प्रसूति छुट्टी:

एक बार में 3 महीने की छुट्टी प्रसूति छुट्टी के रुप में प्रदान की जा सकेगी, जिसमें प्रसव पश्चात अवधि के लिए, या गर्भस्राव अथवा गर्भ-पात के समय की छुट्टी भी शामिल होगी, परन्तु अधिकारी की सम्पूर्ण सेवा-अवधि के दौरान ऐसी अधिक से अधिक 12 महीने की छुट्टी मिल सकेगी।

30. असाधारण छुट्टी:

कोई अधिकारी सम्पूर्ण सेवा-अवधि के दौरान अधिक से अधिक 360 दिन की,वेतन और भतों के बगैर, असाधारण छुट्टी का पात्र होगा । ऐसी छुट्टी बिना पर्याप्त कारणों के एक बार में 90 दिन से अधिक नहीं ली जाएगी । परन्तु किन्हीं विशेष परिस्थितियों में बोर्ड किसी अधिकारी को वेतन बगैर 720 दिन की असाधारण छुट्टी दे सकता है ।

31. विशेष आकस्मिक छुट्टी और विशेष छुट्टी:

सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार, किसी भी अधिकारी को खेल-कूद,रक्त-दान,परिवार नियोजन, किसी जांच में दूसरे अधिकारी का बचाव करने या नागरिक रक्षा सेवाओं (सिविल डिफेन्स सर्विसेज) में शामिल होने के लिए विशेष आकस्मिक छुट्टी, जिसका निर्णय बैंक द्वारा किया जाएगा, दी जा सकती है ।

32. छुट्टियों की समाप्ति (व्यपगमन):

अधिकारी की मृत्यु हो जाने पर या यदि वह बैंक की सेवा में नहीं रहता तो सभी प्रकार की छुट्टियां समाप्त (व्यपगत) हो जाएगी परन्तु यदि किसी अधिकारी का सेवा में देहान्त हो जाता है तो उसके कानूनी वारिस को उतनी धनराशि देय होगी, जो उसके देहान्त के समय संचित साधिकार छुट्टी उसके द्वारा ले लिए जाने पर उस अधिकारी को देय होती ।

परन्तु यदि कोई अधिकारी बैंक की सेवा से निवृत्त होता है, तो जितनी साधिकारी छुट्टी उसने संचित की थी, वह उतनी ही अवधि की परिलब्धियों के बराबर धनराशि पाने का पात्र होगा ।

33. ड्यूटी पर वापस बुलाना

छुट्टी पर गए किसी अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा, जब भी बैंक ऐसा करना उचित समझे, ड्यूटी पर वापस बुला सकता है परन्तु यदि वह अधिकारी उस समय शहर से बाहर है तो वह वहां लौटने के लिए उसके द्वारा और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए वास्तविक खर्चे का भुगतान पाने का पात्र होगा ।

34. छुट्टी के दौरान सम्पर्क पता बैंक को सूचित करना:

वह अधिकारी, जिसके छुट्टी प्रदान की गई है और वह अपने कार्य-स्थल को छोड़कर जाता है तो शहर से बाहर रहने के दौरान अपना पता, जहा उससे सम्पर्क किया जा सके,बैंक को देगा।

अध्याय-VII

यात्रा सम्बन्धी खर्चों की प्रतिपूर्ति

35. यात्रा का साधन और यात्रा पर व्यय

जब कभी किसी अधिकारी को ड्यूटी पर यात्रा करने की आवश्यकता पड़े तो निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे :-

1. (i) कनिष्ठ प्रबंध ग्रेड का अधिकारी रेलगाड़ी से प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित स्लीपर से यात्रा कर सकता है तथापि, वह विमान (किफायती श्रेणी) से भी यात्रा कर सकता है यदि उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा कारोबार की आवश्यकता अथवा सार्वजनिक हित में ऐसा करने की मंजूरी दी जाए ।

(ii) मध्यम प्रबन्ध ग्रेड का अधिकारी रेलगाड़ी से प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित स्लीपर से यात्रा कर सकता है । तथापि, वह विमान (किफायती श्रेणी) से भी यात्रा कर सकता है यदि तय की जाने वाली दूरी 500 किलोमीटर से अधिक हो परन्तु, वह कम दूरी के लिए भी विमान (किफायती श्रेणी) से यात्रा कर सकता है यदि उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा कारोबार की आवश्यकता अथवा सार्वजनिक हित मे ऐसा करने की अनुमति दी जाए ।

(iii) वरिष्ठ प्रबंध ग्रेड अथवा सर्वोच्च कार्यपालक ग्रेड के अधिकारी रेलगाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी अथवा विमान (किफायती श्रेणी) से यात्रा कर सकते हैं ।

(iv) वरिष्ठ प्रबन्ध ग्रेड अथवा सर्वोच्च कार्यपालक ग्रेड के अधिकारी, उन स्थानों के बीच कार द्वारा यात्रा कर सकते हैं जो विमान या रेल द्वारा न जुड़े हों, बशर्ते कि वह दूरी 500 किलोमीटर से अधिक न हो । परन्तु जब दो स्थानों की बीच की दूरी का अधिकांश भाग विमान या रेल द्वारा तय किया जा सके तो केवल शेष दूरी को सामान्यतः कार द्वारा तय किया जाना चाहिए ।

(v) व्यवसाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य किसी अधिकारी को अपने निजी वाहन या टैक्सी द्वारा या बैंक के वाहन द्वारा यात्रा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत किया जा सकता है ।

(2) (i) विमान या रेल यात्रा के लिए उक्त अधिकारी को एकल किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(ii) सड़क द्वारा अपने वाहन से यात्रा करने के लिए प्रयुक्त किए गए वाहन की किस्म, लगने वाली लागत और तय किए गए क्षेत्र को ध्यान मे रखते हुए समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित दर के अनुसार किलोमीटर के आधार पर खर्चे की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(iii) जहां टैक्सी किराये पर लेने की अनुमति हो वहां वास्तविक टैक्सी खर्चे की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(iv) सार्वजनिक मोटर या जल परिवहन द्वारा यात्रा करने के लिए वास्तविक किराये की प्रतिपूर्ति की जायेगी

(3) परिवहन और कुलीगिरी मजदूरी पर किए गए वास्तविक खर्चे की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित सीमाओं के अध्यधीन की जाएगी.

अधिकारियो की श्रेणी / वेतनमान	प्रमुख "ए"वर्ग के नगर	क्षेत्र - I	अन्य स्थान
वेतनमान- IV और उससे ऊपर के अधिकारी	30.00रु0	25.00रु0	20.00 रु0
वेतनमान I, II, III, के अधिकारी	25.00 रु0	25.00 रु0	20.00 रु0

टिप्पणी:

(i) "ए" वर्ग के प्रमुख नगर हैं: अहमदाबाद, मुंबई, बैंगलूर, कलकत्ता, हैदराबाद, कानपुर, मद्रास, नई दिल्ली, नागपुर, पुणे और अन्य राज्यों एवं संघ शासित क्षेत्रों की राजधानिया।

(ii) क्षेत्र - I में, 1991 की जनगणना के अनुसार 3 लाख और उससे अधिक की जनसंख्या वाले नगर शामिल हैं ।

(4) सारणी के स्तम्भ-1 में वर्णित श्रेणी / वेतनमान का अधिकारी स्तम्भ-2 में वर्णित तदनुरुपी दरो से विराम भत्ता पाने का हकदार होगा:

(1)	(2)		
	दैनिक भत्ता (रुपये)		
अधिकारियो की श्रेणी / वेतनमान	प्रमुख "ए"वर्ग के नगर	क्षेत्र - I	अन्य स्थान
वेतनमान- IV और उससे ऊपर के अधिकारी	250.00रु0	200.00रु0	175.00 रु0
वेतनमान I, II, III, के अधिकारी	200.00 रु0	175.00 रु0	160.00 रु0

परन्तु:

(क) यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घण्टे से कम किंतु 4 घण्टे से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता देय होगा ।

(ख) विभिन्न श्रेणियो / वेतनमानों के अधिकारियों को होटल के वास्तविक खर्चे की प्रतिपूर्ति की जा सकती है जो नीचे बताई गई सीमा तक भारतीय पर्यटन विकास निगम के होटलों में एकल आवास के प्रभारों तक सीमित होगी :-

अधिकारियों की श्रेणी / वेतनमान	ठहरने की पात्रता	प्रमुख "ए"वर्ग के नगर	खान-पान क्षेत्र - I	खर्च (रुपये) अन्य स्थान
वेतनमान -VI एवं VII	4*होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान -V	3*होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान -IV	3*होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान- II एवं III	2*होटल (गैर-वातानुकूलित)	200.00	175.00	160.00
वेतनमान- I	1*होटल (गैर-वातानुकूलित)	200.00	175.00	150.00

नोट: (i) जहां कहीं विभिन्न वेतनमानों के अधिकारियो की होटल / आवास की विद्यमान पात्रता भारतीय बैंक संघ (आई बी ए) के मानदंडो से अधिक है, वहां उसकी सुरक्षा की जाएगी । तथापि, यह सुरक्षा, केवल उन अधिकारियों को उपलब्ध होगी, जो पहले से ही बैंक की सेवा मे हैं और 1.12.95 से पूर्व उनके ग्रेड के संबंध मे होगी । इसके बाद बैंक की सेवा में आने वाले व्यक्तियों या 1.12.1995 को या उसके बाद पदोन्नत वर्तमान अधिकारियों की होटल/ आवास की पात्रता बैंक द्वारा अपनाए गए मानक आई बी ए मानदण्डों के अनुसार होगी ।

(ii) स्केल- II के ऐसे अधिकारियों के मामले में, जो 1-12-95 से पूर्व इस वेतनतमान में बैंक की सेवा में थे, खण्ड (i) के अनुसार प्रदान की जाने वाली सुरक्षा वेतनमान III मे पदोन्नति के बाद भी उपलब्ध होगी ।

(iii) दिल्ली और मुंबई में ठहरने के लिए, निम्नलिखित रियायते स्वीकार्य होगी:

दिल्ली: आई टी डी सी के किसी होटल में पात्रता के अनुसार आवास उपलब्ध न होने पर, अधिकारियो को अन्य होटलों (गैर-वातानुकूलित) मे ठहरने के लिए वास्तविक आवास व्यय की प्रतिपूर्ति की जा सकती है, जो दिल्ली मे उनकी पात्रता श्रेणी के अनुसार संबंधित आई टी डी सी होटलो के शुल्क के 125 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

मुंबई: चूंकि मुंबई में आई टी डी सी के होटल नहीं हैं इसलिए अधिकारी द्वारा अपनी पात्र श्रेणी के अन्य होटलों (गैर-आई टी डी सी) मे ठहर सकते हैं और उन्हें आवास व्यय की वास्तविक आधार पर प्रतिपूर्ति की जा सकती है । तथापि, यदि ये अपनी पात्रता के अनुसार

किसी होटल में ठहरने में असमर्थ हों और यदि बिना सितारे (स्टार) वाले या अधिक सितारों (स्टार) वाले किसी होटल में ठहरते हैं, तो उन्हें भुगतान किए गए वास्तविक शुल्क की प्रतिपूर्ति की जा सकती है, जो दिल्ली में आई टी डी सी होटल द्वारा किए जाने वाले शुल्क के 125 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी ।

(ग) यदि बैंक के खर्च पर आवास उपलब्ध कराया गया है / बैंक द्वारा निःशुल्क आवास की व्यवस्था की गई है तो तीन चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा ।

(घ) यदि भोजन बैंक के खर्च पर उपलब्ध कराया गया है / बैंक द्वारा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है तो आधा विराम भत्ता दिया जाएगा ।

ङ) यदि आवास और भोजन की व्यवस्था बैंक के खर्चे पर की गई है / बैंक द्वारा निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की गई है तो 1/4 विराम भत्ता दिया जायेगा । लेकिन यदि कोई अधिकारी भोजन के लिए किए गए वास्तविक खर्च का दावा प्रस्तुत किए बिना, घोषणा के आधार पर करता है तो वह 1/4 विराम भत्ता पाने का हकदार नहीं होगा ।

च) सभी निरीक्षण अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम के प्रतिदिन के लिए 10 रुपए का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जायेगा ।

स्पष्टीकरण:

विराम भत्ते की संगणना के लिए "प्रतिदिन" का अभिप्राय है, 24 घण्टे की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना विमान यात्रा के मामले में प्रस्थान के लिए नियत समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जाएगी । यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घण्टे से कम है तो "प्रतिदिन" से ऐसी अवधि अभिप्रेत है, जो 8 घण्टे से कम न हो ।

36. स्थानान्तरण यात्रा भत्ता आदि

(i) (i)स्थानान्तरित होने वाला और उसके परिवार के अन्य सदस्य उसी यात्रा साधन और स्थान के दर्जे द्वारा तैनाती वाले स्थान तक यात्रा करने के पात्र होगा, जिसका वह दौरे पर यात्रा करने का पात्र हो ।

